**31/03**/2026

आकाशवाणी ईटानगर

केंद्र सरकार ने आज बिहार कैडर के उन्नीस सौ बानबे बैच के आईएएस अधिकारी चंचल कुमार को सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय में सचिव नियुक्त किया है। वर्तमान सचिव संजय जाजू को उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय (DONER) में सचिव बनाया गया है। भुवनेश कुमार को पर्यटन सचिव, श्रीवत्सा कृष्णा को अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय में सचिव तथा रोहित कंसल को ग्रामीण विकास विभाग में सचिव नियुक्त किया गया है।

0000000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांदू ने आज ईटानगर में राज्य क्षतिपूरक वनीकरण कोष प्रबंधन एवं योजना प्राधिकरण - CAMPA की छठी शासी निकाय बैठक की अध्यक्षता की। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि राज्य सरकार विकास और संरक्षण को साथ-साथ आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है, जो कि क्षतिपूरक वनीकरण कोष अधिनियम 2016 की भावना के अनुरूप है। उन्होंने राज्य CAMPA प्राधिकरण को सरकार का पूर्ण समर्थन देने की भी पुनः पुष्टि की।

0000000000000000000000000

आज ही के दिन वर्ष उन्नीस सौ उनसठ में तिब्बती आध्यात्मिक गुरु परम पावन 14वें दलाई लामा केंज़ामानी के रास्ते भारत आए थे। इस ऐतिहासिक विरासत को स्मरण करते हुए '**फ्रीडम ट्रेल'** के दूसरे संस्करण की आज शुरुआत की गई। यह छह दिवसीय पैदल यात्रा केंज़ामानी से तवांग तक उसी पवित्र मार्ग पर उस ऐतिहासिक पल को पुन: दोहराएगी जो पांच अप्रैल को पुंगतेंग त्से में समाप्त होगी। यह फ्रीडम ट्रेल धैर्य, एकता और आध्यात्मिक विरासत को समर्पित है। मुख्यमंत्री पेमा खांदू ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि अरुणाचल प्रदेश, विशेषकर तवांग और बोमडिला, इस ऐतिहासिक यात्रा के दौरान एक पवित्र मार्ग बने, जिसका लोगों के लिए गहरा आध्यात्मिक और ऐतिहासिक महत्व है। उन्होंने कहा कि यह दिन करुणा, धैर्य और शांति जैसे मूल्यों की याद दिलाता है, जिन्हें परम पावन ने दुनिया के साथ साझा किया।

0000000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के आउटरीच सेल ने मंगलवार को ईस्ट सियांग जिले में अपने द्वारा गोद लिए गए पांच टीबी मरीजों और तीन आंगनवाड़ी केंद्रों की प्रगति का आकलन करने के लिए क्षेत्रीय दौरा किया। सभी पांच मरीजों के स्वस्थ हो जाने के बाद, एपीयू अब राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम (NTEP) के तहत जिला स्वास्थ्य समिति से पांच नए मरीजों को गोद लेने का आहवान करेगा।

बाद में टीम ने मिरबुक, मोंगकू और बोयिंग गांवों में स्थित तीन आंगनवाड़ी केंद्रों का दौरा भी किया।

0000000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश में, पापुम पारे जिले के यूपिया स्थित जिला मजिस्ट्रेट, द्वारा **'ड्राई डे'** की घोषणा की गई है। यह आदेश असम विधानसभा चुनाव के मतदान के दिन आगामी नौ अप्रैल और मतगणना के दिन चार मई के मद्देनज़र जारी किया गया है। इन निर्धारित तिथियों पर पापुम पारे जिले के सभी शराब गोदाम, वेयरहाउस, दुकानें, होटल और रेस्टोरेंट में शराब की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। उल्लंघन करने वालों के खिलाफ अरुणाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम उन्नीस सौ तीरानबे के तहत कार्रवाई की जाएगी। इस बीच, असम में सभी एक सौ छब्बीस विधानसभा सीटों के लिए मतदान नौ अप्रैल को एक ही चरण में होगा। वहीं, असम, केरलम और पुडुचेरी के विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों में होम वोटिंग प्रक्रिया जारी है, जो अगले महीने की 5 तारीख तक पूरी कर ली जाएगी।

0000000000000000000000000

स्पीयरहेड डिवीजन के अंतर्गत स्पीयरहेड गनर्स ने आज ईस्ट सियांग जिले के पासीघाट स्थित सिगार सैन्य स्टेशन में **'नो योर आर्मी'** कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम प्रोजेक्ट नवभारत के तहत युवाओं को प्रेरित करने और नागरिक-सैन्य संबंधों को मजबूत

करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। कॉलेज ऑफ हॉर्टिकल्चर एंड फॉरेस्ट्री तथा कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर के छात्रों को भारतीय सेना की कार्यप्रणाली, क्षमताओं और मूल्यों की जानकारी दी गई। साथ ही 'जॉइन इंडियन आर्मी' से संबंधित जानकारी भी दी गई, ताकि युवाओं को सशस्त्र बलों में करियर के अवसरों के बारे में प्रेरित किया जा सके।

0000000000000000000000000

कर्नाटक से 12 सदस्यीय विशेषज्ञ टीम कल देवोमाली पहुंची, जो पिछले दो वर्षों में तिराप जिले में कई मानव हताहतों के लिए जिम्मेदार एक हिंसक हाथी को ट्रैक करने और स्थानांतरित करने का कार्य करेगी। वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी और हाथी विशेषज्ञ डॉ. रमेशा के नेतृत्व में इस टीम में बेहोशी विशेषज्ञ, वन्यजीव निगरानी विशेषज्ञ और प्रशिक्षित महावत शामिल हैं। रेंज फॉरेस्ट ऑफिसर देवोमाली दिवांग लोवांग ने सभी निवासियों से सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध हाथी की सूचना तुरंत वन विभाग को देने की अपील की। उन्होंने राज्य के वन एवं पर्यावरण मंत्री वांगकी लोवांग के इस पहल के लिए सराहना भी की।

0000000000000000000000000

भारत और ताजिकिस्तान के बीच अंडर-23 ट्राई-नेशन चैम्पियनशिप 2026 का फाइनल मुकाबला शाम सात बजे यूपिया स्थित गोल्डन जुबली आउटडोर स्टेडियम में खेला जा रहा है।

इससे पहले गत अट्ठाइस मार्च को खेले गए मुकाबले में भारतीय टीम ने भूटान को 5-0 से पराजित किया था।

0000000000000000000000000

असम राइफल्स की खोंसा बटालियन ने आज तिराप जिले के बटालियन युद्ध स्मारक में स्वर्गीय हवलदार (जीडी) एम.बी. छेत्री (एससी) और स्वर्गीय हवलदार (जीडी) डी.के. दोले (एसएम) को श्रद्धांजलि देने के लिए पुष्पांजलि समारोह आयोजन किया।

0000000000000000000000000